# Video #705

Resources by Dhruv Rathee

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 1 | साल 2022 की बात है। काम की तलाश में बिहार से आया एक daily wage labourer सुरेश मांझी, अपने बड़े भाई के साथ कानपुर के यशोदा नगर slum cluster में रहता था। | Hindustan Times 7th November 2022 | https://www.hindustantimes.com/cities/others/kanpur-horror-blinded-made-disabled-tormented-by-begging-mafias-man-pleads-for-justice-101667759806782.html |
| 2 | bridge के नीचे बुलाया और उसे kidnap कर लिया। | India Today 4th November 2022 | https://www.indiatoday.in/india/story/kanpur-man-kidnapped-crippled-blinded-sold-to-beggars-2293316-2022-11-04 |
| 3 | उसे intoxicate किया गया, और उसकी आँख में एक chemical inject किया गया, जिससे वह अंधा हो गया। उसके हाथ की सभी उंगलियां और एक पैर काट दिया गया, और उसके शरीर पर कई हिस्सों पर चोट के निशान छोड़े गए। यह सब उसे भीख मांगने के लिए 'suitable' बनाने के लिए किया गया था। | Hindustan Times 7th November 2022 | https://www.hindustantimes.com/cities/others/kanpur-horror-blinded-made-disabled-tormented-by-begging-mafias-man-pleads-for-justice-101667759806782.html |
| 4 | इसके बाद इस गिरोह ने सुरेश को 70,000 रुपए में एक महिला को बेच दिया। बाद में, उसे राज नाम का एक आदमी गोरखधाम एक्सप्रेस में दिल्ली लेकर गया। दिल्ली में उसे भीख मांगने के लिए एक जगह पर छोड़ दिया गया। वे सुरेश और उसके जैसे बाकी भिखारियों को सिर्फ दो रोटियां देते, ताकि वे पतले रहें और लोगों को दया आए। वे हर दिन उसे torture करते और उसके शरीर में कुछ inject करते थे। | Hindustan Times 7th November 2022 | https://www.hindustantimes.com/cities/others/kanpur-horror-blinded-made-disabled-tormented-by-begging-mafias-man-pleads-for-justice-101667759806782.html |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 5 | खराब स्वास्थ के कारण, राज ने सुरेश को विजय के साथ कानपुर वापस भेज दिया, जहाँ ज़बरन भीख मंगवाना जारी रहा | India Today<br>4th November 2022 | https://www.indiatoday.in/india/story/kanpur-man-kidnapped-crippled-blinded-sold-to-beggars-2293316-2022-11-04 |
| 6 | सुरेश को सुबह से शाम तक बिना ब्रेक के शहर के प्रमुख चौराहों पर खड़ा रहना पड़ता था। दिन के अंत में उनके kidnappers सारा पैसा जब्त कर लेते थे। | Times of India<br>5th November 2022 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/kanpur/blinded-by-delhis-beggar-mafia-daily-wager-escapes-to-up/articleshow/95309852.cms |
| 7 | जब सुरेश की हालत ज़्यादा बिगड़ गई तो ये उसे dump करके चले गए। | India Today<br>4th November 2022 | https://www.indiatoday.in/india/story/kanpur-man-kidnapped-crippled-blinded-sold-to-beggars-2293316-2022-11-04 |
| 8 | उसके परिवार के लोग भी उसे पहचान नहीं सके। | Amar Ujala<br>5th November 2022 | https://www.amarujala.com/photo-gallery/uttar-pradesh/kanpur/beggar-gang-in-kanpur-preparations-were-made-to-sell-suresh-manjhi-again?pageId=3 |
| 9 | । भारत में organized begging एक ₹1.5 lakh crore की industry है, जिसमें लाखों लोग, खासकर बच्चे, महिलाएं और विकलांग व्यक्ति शामिल हैं। आज हम समझेंगे कि ये पैसा किसके पास जाता है? कैसे इतने बड़े पैमाने पर यह mafia काम करता है और इस समस्या को कैसे ख़त्म किया जा सकता है? | The Economic Times<br>8th December 2024 | https://economictimes.indiatimes.com/news/new-updates/meet-bharat-jain-worlds-richest-beggar-heres-how-he-turned-pennies-into-a-fortune/articleshow/116107060.cms?from=mdr |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 10 | 2021 में Institute for Human Development और Delhi सरकार के Department of Social Welfare की एक रिपोर्ट में बताया गया कि भीख मांगने के पीछे दो main reasons हैं - मजबूरी और choice | Comprehensive Digitised Survey of Persons Engaged in the Act of Begging and those who are at Risk in Delhi | https://www.ihdindia.org/pdf/Full-Report-Beggar-Survey.pdf |
| 11 | ज्यादातर लोग जो भीख माँगते हैं, उनको मजबूरी के कारण भीख माँगना शुरु करना पड़ा | Comprehensive Digitised Survey of Persons Engaged in the Act of Begging and those who are at Risk in Delhi (Page 47) | https://www.ihdindia.org/pdf/Full-Report-Beggar-Survey.pdf |
| 12 | लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने भीख माँगना choose किया है, 12 percent भीख मांगने वाले लोग इसे easy money समझते हैं, 7 percent लोग आदत की वजह से और 6 percent hereditary भीख माँगते हैं, यानि पुश्तैनी भिखारी हैं। 3 percent लोग धार्मिक कारणों की वजह से भिक्षा माँगते हैं। | Comprehensive Digitised Survey of Persons Engaged in the Act of Begging and those who are at Risk in Delhi (Page 47) | https://www.ihdindia.org/pdf/Full-Report-Beggar-Survey.pdf |
| 13 | भीख मांगने वाले लोगों की रोजाना average कमाई भी बहुत कम है। 32 percent लोग रोज़ 100 रुपये से कम कमा पाते हैं, 33 percent लोग रोज़ 100-200 रुपये के बीच में कमाते हैं, 22 percent लोग रोज़ 200-400 रुपये के बीच में कमाते हैं और केवल 1 percent लोग 400 रुपये से ज़्यादा कमाते हैं। | Comprehensive Digitised Survey of Persons Engaged in the Act of Begging and those who are at Risk in Delhi (Page 49) | https://www.ihdindia.org/pdf/Full-Report-Beggar-Survey.pdf |
| 14 | इसके अलावा सिर्फ़ 12 percent लोगों को ही खाना, कपड़े आदि चीज़ें भीख में मिलती हैं। अगर मान लें कि ये लोग रोजाना भीख मांगते हैं, तो उनकी monthly कमाई लगभग 3000-6000 रुपये हो सकती है, जो दिल्ली में एक unskilled मजदूर की minimum wage 15,908 रुपये से बहुत कम है। | Comprehensive Digitised Survey of Persons Engaged in the Act of Begging and those who are at Risk in Delhi (Page 49) | https://www.ihdindia.org/pdf/Full-Report-Beggar-Survey.pdf |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 15 | इसके अलावा इनमें से around 20% लोग भीख मांगने के साथ-साथ किसी न किसी प्रकार के पार्ट-टाइम काम में लगे हुए हैं। कुछ लोग मजदूरी करते हैं। कुछ कबाड़ी हैं, कुछ street vendors हैं, कुछ rickshaw चलाते हैं और कुछ सिक्योरिटी गार्ड, बूट पॉलिश करना, कार साफ करना और हेल्पर जैसे काम करते हैं। | Comprehensive Digitised Survey of Persons Engaged in the Act of Begging and those who are at Risk in Delhi (page 50) | https://www.ihdindia.org/pdf/Full-Report-Beggar-Survey.pdf |
| 16 | Organized begging rings सबसे vulnerable लोगों को target करते हैं। इनके prime targets होते हैं – बच्चे। बहुत से बच्चों को kidnap किया जाता है, उनकी trafficking की जाती है, या यहां तक कि गरीब परिवारों को झूठे promises करके उनके बच्चों को mafia को बेच दिया जाता है। | Anti Slavery .org 2009 | https://www.antislavery.org/wp-content/uploads/2017/01/beggingforchange09.pdf |
| 17 | India में हर साल approximately 60,000 बच्चे गायब होते हैं, और इनमें से बड़ी संख्या forced begging में end up करती है। | Live Law 22nd August 2016 | https://www.livelaw.in/60000-children-going-missing-india-every-year-big-concern-cji-thakur |
| 18 | कुछ gangs, infants और young kids को kidnap करते हैं या ख़रीदते हैं, कभी-कभी desperate parents को पैसे देकर उनके बच्चों को भीख मांगने के लिए "rent" पर लेते हैं। | CBGA Blogs 9th November 2020 | https://www.cbgaindia.org/blog/beg-pardon-give-children-food-shelter-education-not-alms/ |
| 19 | उदाहरण के लिए, Andhra Pradesh में, babies को begging gangs लगभग ₹300 प्रति दिन rent पर लेते थे | New Indian Express 10th March 2017 | https://www.newindianexpress.com/states/andhra-pradesh/2017/Mar/10/political-blessings-to-organised-begging-mafia-1579785.html |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 20 | और babies को opium या sleeping pills से sedated रखते थे, ताकि वे पूरे दिन शांत रहें | New Indian Express 10th March 2017 | https://www.newindianexpress.com/states/andhra-pradesh/2017/Mar/10/political-blessings-to-organised-begging-mafia-1579785.html |
| 21 | Kolkata based एक begging ring, जिसमें Bangladeshi और Indian members थे, 8 साल तक के छोटे लड़कों को rural areas से kidnap करके उन्हें trains और stations पर भीख मंगवाते थे। | Times of India 13th December 2015 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/kolkata/traffickers-eye-boys-for-begging-rackets/articleshow/50156719.cms |
| 22 | एक case में infants को cough syrup से नशे में रखा जाता था। | BBC 15th December 2011 | https://www.bbc.com/news/world-asia-india-16192826 |
| 23 | इन Trafficked बच्चों को education और basic rights से वंचित रखा जाता है – उन्हें school जाने या कोई कमाई रखने की अनुमति नहीं होती। इसके बजाय, उन्हें systematically abuse किया जाता है ताकि वे gangs की बात मानें। handlers अक्सर बच्चों को भूखा रखते हैं ताकि वे दुबले-पतले और रोते हुए दिखें, जिससे public से ज्यादा पैसा मिलने की उम्मीद होती है। | HAQ Centre of Child Rights | https://www.haqcrc.org/news/keep-change/ |
| 24 | human rights observers ने ऐसे cases report किए हैं जहां gangs chemicals inject करके बच्चों को अंधा कर देते हैं या हाथ-पैर तोड़कर उनकी disability और public sympathy बढ़ाते हैं। | HAQ Centre of Child Rights | https://www.haqcrc.org/news/keep-change/ |
| 25 | एक undercover investigation में भी ऐसे doctors को पकड़ा गया था, जो begging racketeers के कहने पर लगभग 10000 से 40000 रुपए लेकर healthy बच्चों को deform करने को तैयार थे। | The Guardian 31st July 2006 | https://www.theguardian.com/world/2006/jul/31/india.randeepramesh |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 26 | Territorial control इसमें सबसे main है- gangs मंदिर, मस्जिद, train stations, bus stands जैसी भीड़ वाली जगहों पर अपना कब्जा करते हैं और जो भिखारी उनकी gang के नहीं होते, उन्हें वहां भीख नहीं मांगने दी जाती। | Times of India 12th July 2018 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/there-is-a-hand-behind-every-palm-that-is-begging-for-alms/articleshow/64960631.cms |
| 27 | उदाहरण के लिए, Chennai में police ने बताया कि इन gangs का अपना इलाका होता और अगर independent भिखारी उनका network join न करें तो उन्हें बहुत struggle करना पड़ता है। | Times of India 12th July 2018 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/there-is-a-hand-behind-every-palm-that-is-begging-for-alms/articleshow/64960631.cms |
| 28 | Gang के leaders आपस में बातचीत करके तय करते हैं कि कौन कहां भीख मांगेगा और भिखारियों को उन events या festivals के बारे में बताते हैं, जहां ज्यादा भीख मिल सके। Chennai में एक बुजुर्ग भिखारी ने बताया कि उनके group का leader हर शाम सबकी कमाई को इकट्ठा करके इन्हें सभी members में बराबर बांट देता है और अपना share रख लेता है। share के बदले में leader ये planning करते हैं कि क्या और कैसे करना है। वो भिखारियों को religious festivals या functions  के बारे में tip देते हैं और बताते हैं कि वे वहां तक कैसे पहुंच सकते हैं। | Times of India 12th July 2018 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/there-is-a-hand-behind-every-palm-that-is-begging-for-alms/articleshow/64960631.cms |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 29 | Gangs लगातार अपनी tactics को fine-tune करते हैं – Chennai का एक racket महिलाओं को Hindu saffron robes से लेकर Muslim burqas तक costume switch करवाता था, इस पर निर्भर करते हुए कि वे temple के बाहर भीख मांग रही हैं या mosque के बाहर। donors की religious charity का फायदा उठाने के लिए उनकी appearance को बदला जाता था। | Times of India 12th July 2018 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/there-is-a-hand-behind-every-palm-that-is-begging-for-alms/articleshow/64960631.cms |
| 30 | 3 अलग-अलग जगहों पर भीख मांगने वाले 3 बच्चों ने बताया कि drugs का इस्तेमाल करके उन्हें begging में फंसाया गया। जैसे 14 साल का जावेद दिल्ली के connaught place के पुराने हनुमान मंदिर के पास भीख मांगकर रोजाना लगभग 10-20 रुपये कमाता है, जिसमें से ज्यादातर वो अपने so-called दोस्त को दे देता है, जो उसे drugs supply करता है। जावेद 9 साल की उम्र में मुंबई के पास अपने घर से भाग आया था क्योंकि उसका पिता उसे sexuallty abuse कर रहा था। | Anti Slavery .org 2009 | https://www.antislavery.org/wp-content/uploads/2017/01/beggingforchange09.pdf |
| 31 | Dealers बच्चों को drugs की लत लगा देते हैं, जिससे वे कर्ज में जाने लगते हैं। इसके बाद वे उन्हें drugs तभी देते हैं, जब वे भीख मांगने और पैसा लाने को तैयार हो जाते हैं। वे इस तरह से कई बच्चों को फंसाकर रखते हैं। (page 7) कई बार parents भी बच्चों को भीख मांगने पर मजबूर करते हैं और जब वे पैसा नहीं लाते तो उन्हें पीटते हैं। | Anti Slavery .org 2009 | https://www.antislavery.org/wp-content/uploads/2017/01/beggingforchange09.pdf |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 32 | नवंबर 2021 में Bangalore City railway station पर एक 8 महीने के बच्चे को एक विकलांग व्यक्ति से छुड़ाया गया, जो मुंबई से आकर बच्चे का इस्तेमाल करके भीख मांग रहा था। उसने बताया कि उसे 3 महीने पहले Mumbai railway station पर ये बच्चा मिला था, जिसके बाद उसने भीख के लिए उसका इस्तेमाल किया। | The Hindu<br>16th November 2021 | https://www.thehindu.com/news/cities/bangalore/infant-rescued-from-disabled-beggar-at-city-railway-station/article5908719.ece |
| 33 | इससे पहले अप्रैल 2021 में Bangalore City railway station पर ही एक टैक्सी driver की मदद से एक कूड़ा बीनने वाले के चंगुल से 15 साल की लड़की और 12 साल के लड़के को बचाया गया था। दोनों को पिछले डेढ़ साल से भीख मांगने के लिए मजबूर किया जा रहा था। | The Hindu<br>16th November 2021 | https://www.thehindu.com/news/cities/bangalore/infant-rescued-from-disabled-beggar-at-city-railway-station/article5908719.ece |
| 34 | Handlers जानबूझकर औरतों के साथ छोटे बच्चों, या अंधों से भीख मंगवाते हैं, ताकि दया खाकर लोग उन्हें पैसे दे दें। औरतों के पास injuries वाले बच्चों का दिखना common है। बच्चों को क़ाबू में रखने के लिए drugs दी जाती हैं और कभी-कभी उन्हें रुलाने के लिए पीटा भी जाता है क्योंकि 'जितना ज्यादा रोओगे, उतना ज्यादा कमाई होगी'। Mumbai में आंख बाहर निकले या बिना हाथ-पैर वाले बहुत भिखारी मिलते हैं, जो असल में एक भयानक, cruel mafia के शिकार होते हैं। | Times of India<br>13th November 2012 | https://timesofindia.indiatimes.com/city/mumbai/more-you-cry-more-you-earn-child-beggars-thrashed-to-shed-more-tears/articleshow/17199398.cms |
| 35 | 2015 में बेंगलुरु में एक begging racket पकड़ में आया, जिसमें शिशुओं (infants) को kidnap करके या 500 रुपये के rent पर लेकर भीख मांगी जा रही थी। कई बच्चों से sedatives (बेहोशी की दवा) देकर भीख मंगवाई जा रही थी। कई को घायल किया गया, ताकि लोग दया खाकर उन्हें पैसे दे दें। | Deccan Herald<br>7th August 2015 | https://www.deccanherald.com/content/493836/drugged-battered-forced-beg.html |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 36 | चेन्नई में 70 percent भिखारी रोजाना 50 से 200 रुपये कमा पाते हैं, जो उनके employers यानि gang leaders का उन्हें दिया गया target होता है। अगर वे target पूरा नहीं कर पाते तो 48 percent बच्चों को खाना नहीं दिया जाता, 40 percent से ज्यादा वक्त तक भीख मंगवाई जाती है और 57 percent को punish किया जाता है। | Times Of India 21st April 2017 | http://timesofindia.indiatimes.com/articleshow/58295840.cms?utm_source=contentofinterest&utm_medium=text&utm_campaign=cppst |
| 37 | 2023 में हैदराबाद में 28 साल के Anil Pawar को पकड़ा गया, जो भिखारियों को recruit करके उनसे posh इलाकों में भीख मंगवाता था। शाम तक उसे भिखारियों से 6,000 रुपये तक मिल जाते, जिसमें से वो केवल 200 रुपये भिखारियों को मजदूरी के तौर पर देता। | The Economic Times 20th August 2023 | https://economictimes.indiatimes.com/news/new-updates/rs-6000-a-day-begging-racket-busted-in-hyderabad/articleshow/102876783.cms?from=mdr |
| 38 | मुंबई के एक slum से Infants को अक्सर बड़ी बहनों के साथ भीख मांगने भेजा जाता था, ये ख़ुद 10-12 साल की बच्चियाँ होती थी। इनको दिन के 300 रुपए कमाने का target दिया जाता और वो पूरा नहीं करने पर पिटाई होती थी। | DNA 21st November 2023 | https://www.dnaindia.com/mumbai/report-dna-special-doped-babies-on-rent-for-begging-1702986 |
| 39 | हमारे सारे cattle 1972 के drought में मर गए। तब हम Akola से Mumbai आए "पहले हम Dadar के pavements पर रहते थे। police हमें भगाती रहती थी, फिर हम यहाँ आ गए।" इनकी living conditions इतनी ख़राब थी कि यहाँ पर लोगों के पास खाने-पीने को भी नहीं होता था। | DNA 21st November 2023 | https://www.dnaindia.com/mumbai/report-dna-special-doped-babies-on-rent-for-begging-1702986 |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 40 | Beggar Mafia ने realize किया कि infants को use करने से sympathy मिलती है और ज़्यादा पैसे भी। Traffic signals और public places पर ये बच्चों को एक infant को अपने हाथों में लेकर दूध खरीदने के नाम पर पैसे मांगने भेजते हैं। ये emotional manipulation का एक calculated form है, जो public से money extract करने के लिए designed है। | New Indian Express 16th May 2012 | https://www.newindianexpress.com/states/karnataka/2010/Aug/04/rent-a-toddler-business-rampant-in-belgaum-175414.html |
| 41 | 13 साल के भीमप्पा नाम के बच्चे ने बताया कि एक बार traffic signal पर एक औरत ने car में से उसे एक 8 महीने की बच्ची के साथ बारिश में काँपते हुए देखा और 100 रुपए दे दिए। इसके बाद बाकी लोग भी ऐसा करने लगे। लेकिन इस वजह से 2 साल की बच्ची पूजा की बारिश में भीगने से ठंड लगने के कारण death हो गई। | New Indian Express 16th May 2012 | https://www.newindianexpress.com/states/karnataka/2010/Aug/04/rent-a-toddler-business-rampant-in-belgaum-175414.html |
| 42 | Begging mafia के पास political backing भी होती है। Andhra Pradesh में जब NGOs ने बच्चों को rescue करने की कोशिश की, तो local politicians ने begging mafia को बचाया, जबकि उन्हें पता था कि वो babies को rent पर लेकर भीख मांग रहे हैं। | New Indian Express 10th March 2017 | https://www.newindianexpress.com/states/andhra-pradesh/2017/Mar/10/political-blessings-to-organised-begging-mafia-1579785.html |
| 43 | Hyderabad में एक अनाथालय के मालिक को गिरफ्तार किया गया, जो उसके अनाथालय में रहने वाले 7 से 14 साल के बच्चों से भीख मंगवाता था। जिन बच्चों की उसे देखभाल करनी थी, उन्हें पढ़ाना था, उन्हें वो रोजाना traffic signal पर छोड़कर आता और भीख मांगने के लिए मजबूर करता। | Reuters 19th August 2016 | https://www.reuters.com/article/world/indian-police-arrest-orphanage-owner-forcing-children-to-beg-idUSKCN10U1C6/ |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 44 | Bengaluru में तो एक बड़ा अजीबोगरीब मामला सामने आया था जिसमें एक nanny एक अमीर परिवार के बच्चे को फटे-पुराने कपड़े पहनाती और drugs से बेहोश करके एक 100 रुपये के किराये पर beggar gang को दे देती। यह मामला दिखाता है कि organised begging mafia कहां तक फैला हुआ है। | The Telegraph<br>6th November 2009 | https://www.telegraph.co.uk/news/worldnews/asia/india/6515365/Indian-family-discovers-nanny-was-renting-child-to-beggars.html |
| 45 | Independent India में Begging के खिलाफ पहला कानून Bombay Prevention of Beggary Act, 1959 था, जिसके under भीख मांगते पकड़े जाने पर 10 साल तक की सजा हो सकती है। इसे बेसहारा, कुष्ठ और मानसिक रोगियों को सड़कों से दूर रखने के लिए बनाया गया था। इसके तहत एक chief commissioner भिखारियों को हिरासत में लेकर institution में डालने का आदेश दे सकता है और उसे वहां कितने भी समय के लिए रखा जा सकता है। कई बेघर लोग बहुत समय तक इन institutions में बंद रहते हैं। इस act इसलिए गड़बड़ था क्योंकि ये begging gangs जैसे organisers की जगह भिखारियों को सजा देता है, जो खुद victim होते हैं। | The Indian Express<br>6th February 2025 | https://indianexpress.com/article/explained/explained-law/bhopals-order-criminalising-begging-9819390/ |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 46 | 2018 में दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली में इस act के कुछ sections को unconstitutional बताया और begging को decriminalise करने को बोला। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि, "लोग अपनी choice से सड़कों पर भीख नहीं मांगते बल्कि यह उनके पास survive करने का आखिरी रास्ता होता है, सरकार का काम सभी नागरिकों को basic facilities देना था और भिखारियों की मौजूदगी दिखाती है कि वो ऐसा करने में नाकाम रही है।" लेकिन महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में अभी भी भीख मांगना अपराध है। central government का इस पर कोई कानून नहीं हैं, लेकिन कई राज्यों ने 1959 के मुंबई के कानून के आधार पर अपने-अपने कानून बना रखे हैं। | The Indian Express<br>6th February 2025 | https://indianexpress.com/article/explained/explained-law/bhopals-order-criminalising-begging-9819390/ |
| 47 | Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 के तहत एक बच्चे से भीख मंगवाना या उसकी मदद से भीख मंगवाना illegal है। | PIB<br>12th February 2021 | https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1697420 |
| 48 | 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने begging पर ban लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ये एक socioeconomic issue है और कोई भी भीख मांगना नहीं चाहता, लेकिन गरीबी के कारण मांगनी पड़ती है। | India Today<br>27th July 2021 | https://www.indiatoday.in/law/story/supreme-court-plea-restrain-begging-public-places-pandemic-elitist-view-1833098-2021-07-27 |
| 49 | 2022 में G20 सम्मेलन से पहले दिल्ली में भिखारियों को पकड़कर shelter homes में डाल दिया गया, ताकि दुनिया की नजरों से इन्हें छिपाया जा सके। | Hindustan Times<br>16th December 2022 | https://www.hindustantimes.com/cities/delhi-news/beggars-to-be-shifted-to-night-shelters-ahead-of-g20-summit-101671130390653.html |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 50 | President Donald Trump की बेटी Ivanka Trump एक summit के लिए हैदराबाद आईं तो शहर में begging पर ban लगा दिया गया | Hindustan Times 16th December 2022 | https://www.hindustantimes.com/editorials/concealing-hyderabad-s-beggars-during-ivanka-trump-s-visit-is-insensitive-meaningless/story-YZwqxagg1lYEfhJnn2hEbP.html |
| 51 | पुलिस ने भिखारियों को पकड़कर rehabilitation centre में डाल दिया। | The Indian Express 9th November 2017 | https://indianexpress.com/article/india/ahead-of-ivanka-trumps-visit-hyderabad-police-gets-rid-of-beggars-from-city-streets-4928272/ |
| 52 | इससे पहले जब 2010 में दिल्ली में commonwealth games हुए थे, तब सैकड़ों भिखारियों को forcefully trains और trucks में भरकर दूसरे शहरों में भेज दिया गया और उनसे games खत्म होने तक वापस न आने को कहा गया। | Deccan Herald 3rd October 2010 | https://www.deccanherald.com/india/where-have-beggars-delhi-gone-2518841 |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 53 | Lampur village में भिखारियों के rehabilitation के लिए एक सेवा सदन बनाया है। इसमें 5 घर और 70 कमरे हैं, जिनमें 1,500 लोग रह सकते हैं। भीख मांगते हुए पकड़े जाने पर भिखारियों को यहां 1 से 3 साल के लिए भेजा जाता है। लेकिन 2017 में इसमें एक भी भिखारी नहीं था, जबकि दिल्ली में हर चौराहे पर भिखारी मिल जाते हैं। 2010 में यहां 200 भिखारियों को rehabilitate किया गया था, लेकिन ये संख्या घटती गई। 2014 में केवल 60 भिखारी यहां भेजे गए। 2016 में यहां एक ही भिखारी था। 2017 में यहां एक भी भिखारी नहीं आया। एक RTI के जवाब में दिल्ली सरकार के social welfare department ने बताया कि 2009-10 से सेवा सदन पर 26.95 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए जा चुके हैं। | Hindustan Times<br>5th November 2017 | https://www.hindustantimes.com/delhi-news/this-house-on-delhi-s-outskirts-for-1-500-beggars-does-not-have-a-single-inmate/story-stDDliFEUeDkoDfcBbDynM.html |
| 54 | Union Ministry of Social Justice and Empowerment ने एक pilot project शुरू किया | The Hindu<br>16th November 2024 | https://www.thehindu.com/news/national/madhya-pradesh/from-jan-1-fir-to-be-lodged-against-people-giving-alms-to-beggars-in-indore/article68991557.ece |
| 55 | 2020 जिसमें कहा गया कि देश के 10 शहरों को भिखारी मुक्त बनाया जाएगा। इनमें इंदौर और मुंबई भी शामिल हैं। | The Indian Express<br>6th February 2025 | https://indianexpress.com/article/explained/explained-law/bhopals-order-criminalising-begging-9819390/ |

| Sr. No | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 56 | 1 जनवरी, 2025 से भीख लेना और देना illegal है और भीख देने वालों के खिलाफ FIR दर्ज की जाएगी। | The Hindu<br>16th November 2024 | https://www.thehindu.com/news/national/madhya-pradesh/from-jan-1-fir-to-be-lodged-against-people-giving-alms-to-beggars-in-indore/article68991557.ece |
| 57 | जनवरी 2025 में एक मंदिर के सामने एक महिला भिखारी को पैसे देने पर एक व्यक्ति के खिलाफ FIR दर्ज भी की गई, जो मध्य प्रदेश में इस तरह का पहला मामला था। | NDTV<br>23rd January 2025 | https://www.ndtv.com/india-news/person-charged-for-giving-alms-to-beggar-in-indore-faces-fine-or-jail-7543276 |
| 58 | इंदौर के बाद भोपाल में भी सभी public places पर भीख मांगने और देने पर रोक लगा दी गई। | The Indian Express<br>6th February 2025 | https://indianexpress.com/article/explained/explained-law/bhopals-order-criminalising-begging-9819390/ |
| 59 | 2011 की जनगणना में सामने आया कि देश में 4 लाख से अधिक भिखारी थे, जिनमें से 21 percent 12वीं पास थे और लगभग 3,000 के पास एक professional diploma या degree थी। लेकिन इनके पास और कुछ करने को नहीं था तो ये भीख मांगने लगे। अब इसी मजबूरी का फ़ायदा उठा कर beggar mafia इनका शोषण करता है। | NewsTV 18<br>20th August 2022 | https://hindi.news18.com/news/knowledge/know-why-number-of-educated-beggars-in-indian-is-worrisome-viks-4484224.html |
| 60 | वक्त के साथ begging को लेकर लोगों की सोच बदली है। organized begging mafia के बारे में लोगों को पता चल रहा है, जिससे उनके भीख देन की संभावना कम हो गई है क्योंकि वे किसी अपराध के हिस्सेदार नहीं बनना चाहते। | International Journal of Research Culture Society<br>31st December 2019 | https://ijrcs.org/wp-content/uploads/IJRCS201912029.pdf |